Headline: At IIHMR University, Padma Bhushan Dr. Mashelkar has become a distinguished professor

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
25.08.2024	Rajasthan Patrika	All

आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी

पद्म विभूषण डॉ. माशेलकर बने विशिष्ट प्रोफेसर



जयपुर @ पत्रिका प्लस. आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी ने पद्म विभूषण डॉ. रघुनाथ अनंत माशेलकर को विशिष्ट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया। यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गुणवत्ता और वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ अभिनव परिदृश्य को बेहतर बनाने के मकसद से डॉ. माशेलकर की नियुक्ति की गई है।

डॉ. माशेलकर ने शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इनोवेशंस, आइपीआर लीडरशिप और समाज के अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. माशेलकर की विशिष्ट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति पर आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि डॉ. माशेलकर जैसे विशिष्ट शिक्षाविद हमारे विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित प्रोफेसर के तौर पर जुड़े हैं। हमें विश्वास है कि वैज्ञानिक अनुसंधान और इनोवेशन की दुनिया में उनकी विशेषज्ञता और दूरदर्शी नेतृत्व हमारे शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाएगा, साथ ही इसे महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध भी करेगा।